भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 5284

उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 03 अप्रैल, 2023

13 चैत्र, 1945 (शक)

प्रतिष्ठित स्थलों का परिरक्षण और सौंदर्यीकरण

5284. **श्री तपन कुमार गोगोई**:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्रीय बजट 2020-2021 में यह घोषणा की गई थी कि पांच पुरातात्विक स्थलों को ऑन-साइट संग्रहालयों के साथ प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित (परिरक्षण और सौंदर्यीकरण) किया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) असम के शिवसागर में प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकास (परिरक्षण और सौंदर्यीकरण) के लिए चुने गए प्रमुख पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या असम के शिवसारग में प्रतिष्ठित स्थलों और ऑनसाइट संग्रहालय के परिरक्षण और सौंदर्यीकरण की कोई विस्तृत कार्य योजना है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(छ) क्या असम के शिवसागर में प्रतिष्ठित स्थलों और ऑनसाइट संग्रहालय के परिरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए आबंटित निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : जी, हां। केंद्रीय बजट 2020-2021 में, पांच पुरातत्वीय स्थलों नामतः राखीगढ़ी (हरियाणा), धोलावीरा (गुजरात), शिवसागर (असम), हस्तिनापुर (उत्तर प्रदेश) और अदिचन्नल्लूर (तमिलनाडु) को स्थल संग्रहालयों सहित 'प्रतिष्ठित स्थलों' के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई है।

(ग) : वर्तमान में, शिवसागर के ऐतिहासिक शहर के आस-पास स्थित सत्रह (17) केंद्रीय संरक्षित स्मारकों को प्रतिष्ठित स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। स्मारकों की सूची **अनुबंध** – I के रूप में संलग्न है।

(घ) : उपर्युक्त (ख) और (ग) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) : जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आवश्यकताओं के अनुसार शिवसागर के स्मारकों के आस-पास संरक्षण, परिरक्षण, सौंदर्यीकरण, सुविधाएं मुहैया करवाने तथा प्राकृतिक भू-दृश्य से संबंधित कार्य करता है।

असम सरकार ने स्थल संग्रहालय के निर्माण के लिए राज्य पुरातत्व को 5 एकड़ भूमि आबंटित की है।

(च) : उपर्युक्त (ङ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(छ) : शिवसागर में प्रतिष्ठित स्थलों के विकास के लिए आवंटित निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

2020-21	0.92 □□□□□
2021-22	1.21 □□□□□

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 03.04.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 5284 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध

शिवसागर, असम में प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित किए जाने हेतु चुने गए केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सूची

क्रम सं.	स्मारकों/स्थलों के नाम
1.	गढ़गांव राजा का महल, गढ़गांव
2.	बिष्णुडोल, गौरीसागर
3.	शिवडोल, गौरीसागर
4.	देवीडोल, गौरीसागर
5.	गौरीसागर बावड़ी, गौरीसागर
6.	शिवडोल, जॉयसागर
7.	गोलकघर या मैगज़ीन, जॉयसागर
8.	शिवडोल, जॉयसागर
9.	बिष्णुडोल, जॉयसागर
10.	घनश्याम का घर, जॉयसागर
11.	रंगहार खंडहर, जॉयसागर
12.	विष्णुडोल, शिवसागर
13.	देबीडोल, शिवसागर
14.	शिवडोल, शिवसागर
15.	अहोम काल की आठ तोपें
16.	रंगनाथ डोल, जॉयसागर
17.	अहोम राजाओं का कारेंघर (तलातल घर) जॉयसागर

****